ई–मेल

प्रेषक,

जनपद न्यायाधीश,
फर्रुखाबाद।

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

पत्रांक : 913 / XV , फर्रुखाबाद : दिनांक : मई 21 , 2020

विषय : माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक 1091/IV-CPC/e-Courts/Allahabad, दिनांकित 05.05.2020 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक 1091/IV-CPC/e-Courts/Allahabad, दिनांकित 05.05.2020 में कम संख्या 21 पर दिये गये निर्देश के अनुपालन में अवगत कराना है कि आज दिनांक 21.05.2020 तक जनपद फर्रुखाबाद में कोरोना पाजिटिव मरीजों की कुल संख्या 22 हो गयी है। जनपद फर्रुखाबाद में जोन की अद्यतन स्थिति को स्पष्ट करने हेतु जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद को पत्र संख्या 910/XV, दिनांकित 20.05.2020 प्रेषित किया गया है। आख्या प्राप्त होने पर तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के पत्रांक 5423/ओ0एस0डी0–20 (कोरोना), दिनांकित 12.05.2020 से प्राप्त प्रमाण पत्र के अनुसार जनपद फर्रुखाबाद को **ऑरेंज जोन** में घोषित किया गया है, जिसके अनुसार आज दिनांक 21.05.2020 को माननीय उच्च न्यायालय के उपरोक्त पत्र में **ऑरेंज जोन** के अन्तर्गत दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए वर्चुअल कोर्ट रूम की वैकल्पिक व्यवस्था के अन्तर्गत सुनवाई की गयी।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, फर्रुखाबाद की आख्या दिनांकित 21.05.2020 के अनुसार दिनांक 21.05.2020 को इस अधिष्ठान में सत्र न्यायालय, विशेष न्यायालयों एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में 10 प्रतिशत तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण (15 कर्मचारीगण) द्वारा कार्य सम्पादित किया गया।

21/05/2020

केन्द्रीय नाजिर की आख्या दिनांकित 21.05.2020 के अनुसार न्यायालय खुलने से पूर्व न्यायालय परिसर की साफ-सफाई व सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया। न्यायालय परिसर में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों का मुख्य द्वार पर थर्मल स्केनर से चेक-अप किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों द्वारा सामाजिक दूरी रखकर व मास्क लगाकर कार्य किया गया। आज दिनांक 21.05.2020 को 10 प्रतिशत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण (14 कर्मचारीगण) द्वारा कार्य सम्पादित किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी, फर्रुखाबाद से प्राप्त कोरोना वायरस (कोविड-19) सैम्पल दैनिक रिपोर्ट दिनांकित 21.05.2020 के अनुसार जनपद में दैनिक कोरोना टेस्ट की संख्या 37, कोरोना टेस्ट की कुल संख्या 979, टेस्ट के उपरान्त प्राप्त जांच रिपोर्ट की कुल संख्या 937, अवशेष कोरोना टेस्ट की संख्या 42, **पाजिटिव पाये गये मरीजों की संख्या 22**, निगेटिव पाये गये मरीजों की संख्या 915 तथा आज प्राप्त रिपोर्ट की संख्या 56 है। आख्या की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

इस अधिष्ठान में दिनांक 21.05.2020 को 09 नवीन जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल हुए। 18 जमानत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। जिससे सम्बन्धित विवरण माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये बेवलिंक पर अपलोड कर दिया गया है।

अतः अनुरोध है कि वांछित आख्या माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

सादर।

भवदीय,

संलग्नक : यथोपरि।

21/05/2020

(सुभाष चन्द)
जनपद न्यायाधीश,
फर्रुखाबाद।
21.05.2020

पत्रांक : / , फर्रुखाबाद : दिनांक : मई , 2020

प्रतिलिपि :- निजी सचिव/उपनिबन्धक (माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति, फर्रुखाबाद परिक्षेत्र), माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को सूचनार्थ एवं माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रेषित।
संलग्नक : यथोपरि।

जनपद न्यायाधीश,
फर्रुखाबाद।

सेवा में,

मा0 जनपद न्यायाधीश

फर्रूखाबाद।

कोरोना वायरस (कोविड–19) सैम्पल दैनिक रिपोर्ट जनपद–फर्रूखाबाद (दिनांक–21.05.2020)

जनपद का नाम	दैनिक कोरोना टेस्ट की संख्या	कोरोना टेस्ट की कुल संख्या	टेस्ट के उपरान्त प्राप्त जांच रिपोर्ट की संख्या	अवशेष कोरोना टेस्ट की संख्या	पॉजिटिव पायेगये मरीजों की संख्या	निगेटिव पायेगये मरीजों की संख्या	आज प्राप्त रिपोर्ट की संख्या
फर्रूखाबाद	37	979	937	42	22	915	56

CCm:
DDM (IDSP)

21.05.2020

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,

फर्रूखाबाद।